सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-547

08/11/2017

मुख्यमंत्री ने बापू सभागार का लिया जायजा

पटना, 08 नवम्बर 2017 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित बापू सभागार पहुॅचे और महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद के कल होने वाले कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया। राष्ट्रपति कल बापू सभागार से बिहार के तीसरे कृषि रोडमैप 2017—22 को लॉच करेंगे, जिसमें जैविक कृषि को बढ़ावा देने के साथ ही प्रदेश के किसानों की आमदनी और उत्पादकता बढ़ाने के लिए कई प्रावधान किये गए हैं। राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी के मद्देनजर बापू सभागार और बाहरी हिस्से का निरीक्षण करने के क्रम में मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को कई निर्देश दिए ताकि तैयारी में किसी प्रकार की कमी न रह जाए।

मुख्यमंत्री ने सभ्यता द्वार का भी निरीक्षण किया और उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा—निर्देश दिये।

इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त श्री सुनील कुमार सिंह, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, प्रधान सचिव मंत्रिमण्डल समन्वय श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी श्री संजय कुमार अग्रवाल, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज सहित कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******